भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1002
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एसडीएस के अंतर्गत परियोजनाओं के संबंध में कैग रिपोर्ट

1002. डॉ. राजीव भारद्वाजः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कैग द्वारा स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के अंतर्गत वर्ष 2015 से 2022 तक निष्पादित किए गए कार्यों के संबंध में कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कैग ने उक्त योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के समय पर पूरा नहीं हो पाने के कारण होने वाली कमियों को उजागर किया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा उक्त कमियों को दूर करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने स्वदेश दर्शन योजना के निष्पादन के लेखा परीक्षा पर अपनी रिपोर्ट (2023 का रिपोर्ट संख्या 17) प्रस्तुत कर दी है। इस रिपोर्ट में योजना के निरूपण संबंधी टिप्पणियां, वित्तीय प्रबंधन, योजना के क्रियान्वयन, निगरानी एवं प्रभाव के मूल्यांकन आदि को शामिल किया गया है। लेखा परीक्षा में परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब को इंगित किया गया है और इसमें कोविड-19 महामारी, श्रमिकों की अनुपलब्धता, प्राकृतिक आपदाओं, स्वीकृतियों की अनुपलब्धता आदि को भी विलंब के कुछेक कारणों के रूप में नोट किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने उन कमियों को दूर करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिनके कारण परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब होता है। इनमें कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठकें करना, परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ नियमित संवाद करना, परियोजना की प्रगति की निगरानी करना आदि शामिल हैं। स्वदेश दर्शन 2.0 के दिशानिर्देशों में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के भाग के रूप में निर्माण पूर्व मंजूरी को भी शामिल किया गया है।

*****